लखनऊ, सोमवार
18 फरवरी 2019
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

अब मात्र ₹ 3.00* में सोमवार से शुक्रवार

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

एक्सपो — तीन दिवसीय सोलर एक्सपो के समापन पर यूपीनेडा निदेशक का आह्वान

छोटे सोलर संयंत्रों पर ध्यान दें कंपनियां

जासं, लखनऊ : यूपीनेडा के निदेशक सुशील कुमार पटेल ने कहा कि आजादी के बाद से इनर्जी की खपत सौ गुना बढ़ी है। ऊर्जा उत्पादन और खपत में बड़ा अंतर है। सीधी सी बात है कि इस अंतर को पाने के लिए विकल्प तलाश इस पर तेजी के साथ आगे बढ़ना होगा। सोलर एनर्जी एक बेहतर विकल्प है। लेकिन लोगों में जागरूकता नहीं है। अभी तक जो सोलर कंपनियां हैं, उनका ध्यान बड़े-बड़े प्रोजेक्ट पर है। कंपनियां एक या दो किलोवाट के छोटे सोलर प्लांट हर घर में लगाए जाने पर अपना ध्यान केंद्रित करें तो तय लक्ष्य 300 गीगा वाट सोलर क्षमता सृजित हो जाएगी। वे आज आइआइए की ओर से आयोजित गोमतीनगर स्थित आइआइए भवन में सोलर एक्सपो के समापन अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि यूपीनेडा में अभी तक 130 सोलर कंपनियों ने अपना पंजीकरण कराया है। लेकिन तमाम ऐसी कंपनियां हैं जो बेहतरीन सोलर उत्पाद बना रही हैं। लेकिन उनका पंजीकरण नहीं हुआ है। जल्द ही पंजीयन के लिए विंडो खोली जाएगी। सोलर इनर्जी की जानकारी लोगों में ज्यादा से ज्यादा साझा करें। लोग जुड़ेंगे। यही नहीं किसी भी तरह की गड़बड़ी आने पर उसे तत्काल दुरुस्त कराया जाए जिससे आमजन का विश्वास बढ़े। लोगों की जानकारी के लिए एक एप बनाया जा रहा है। आइआइए के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य ने कहा कि पूरे देश में 55 सोलर कंपनियों ने अपने उत्पाद एक्सपो में दर्शकों के समक्ष रखे। कई का जोरदार व्यवसाय हुआ है। तकरीबन पचास करोड़ के अनुबंध एक्सपो में किए गए जो सौ करोड़ तक पहुंच सकता है। इस दौरान पांच हजार विजिटर ने भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आइआइए और यूपीनेडा के निदेशक ने वर्ष 2020 में 14 से 16 फरवरी के बीच इंडिया सोलर एक्सपो की घोषणा संयुक्त रूप से की। यूपीनेडा की ओर से बेस्ट स्टॉल की ट्राफियां घोषित की गईं। इनमें प्रमुख रूप से ईजी सोलर सोल्यूशन प्रा.लि. को प्रथम, रेकॉल्ड को द्वितीय और एनपीएस प्रा.लि. को तीसरा स्थान मिला। वहीं ल्यूमिनस पावर टेक को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस दौरान आइआइए की सोलर कमेटी के चेयरमैन तारिक हसन नकवी, महासचिव मनमोहन अग्रवाल और डीएस वर्मा आदि मौजूद रहे। बेहतरीन प्रदर्शन करने पर कई कंपनियों को पुरस्कृत किया गया।

सोलर प्रदर्शनी के समापन समारोह को संबोधित करते अतिथि

हरित प्रौद्योगिकी को दें बढ़ावा

जासं, लखनऊ : भारतीय संस्थान गन्ना अनुसंधान द्वारा 'सुगरकॉन' कार्यक्रम किया गया। इसमें किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ हरित प्रौद्योगिकी पर जोर दिया गया। सम्मेलन में देश- विदेश के कई वैज्ञानिकों ने शिरकत की। इस दौरान बेंगलुरु के डॉ एमसी के गोपीनाथ ने छोटे उद्यमियों को नई तकनीकि को अपनाने पर जो दिया। साथ ही उत्पादन को बढ़ाने के लिए एकीकृत फॉर्मूला अपनाने को कहा। वहीं डॉ. एस शुक्ला ने किसानों की आर्थिक समृद्धि बढ़ाने के टिप्स दिए। इसके लिए उन्होंने मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार कर फसल उत्पादकता में वृद्धि पर जोर दिया। इसका गन्ना शोध संस्थान, चीन के डॉ. यांग-रुई ली ने भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि चीन में हरित प्रौद्योगिकी की पहल शुरू हो गई है।